C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी वर्ष 16 अंक 50 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. बुधवार, 7 अगस्त 2024



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 6:59 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:36 बजे



खेल-खेल में की रिलीज से...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### पदक विजेता मनु भाकर कोच के साथ लौटीं भारत, दिल्ली में हुआ भव्य स्वागत



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत के लिए दो पदक जीतने वाली मनु भाकर बुधवार को स्वदेश लौटीं। दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचते ही पहले से उनके इंतजार में खड़े फैंस ने निशानेबाज का भव्य स्वागत किया। इस दौरान मनु के माता-पिता भी मौजूद रहे। मनु के साथ उनके कोच जसपाल राणा का भी जोरदार स्वागत हुआ। मनु ने कहा %बेहद खुशी है इतना प्यार मिल रहा हैं।% फैंस ने ढोल-नगाड़ों के साथ दोनों का जोरदार स्वागत किया। वहीं, कुछ फैंस को मनु के साथ सेल्फी लेने का भी मौका मिला।

### अक्तूबर और नवंबर के बीच होंगे प्रदेश में राष्ट्रीय खेल

**देहरादून।** खेल मंत्री रेखाआर्य ने 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस की तैयारियों के संदर्भ में विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेल अक्टूबर से नवंबर के बीच आयोजित होंगे। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखाआर्य ने मंगलवार को खेल विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करने के बाद यह जानकारी दी। बैठक में राष्ट्रीय खेलों को लेकर अधिकारियों से फीडबैक लिया और आवश्यक निर्देश दिए। कहा, उत्तराखंड में पहली बार राष्ट्रीय खेलों का आयोजन होना है, जो कि पूरे राज्य के लिए हर्ष की बात है। राज्य में खेलों को बढ़ावा मिलने से देवभूमि को अब खेल भूमि के नाम से भी जाना जाएगा। कहा, 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस है, जिसकी तैयारियों के संदर्भ में भी विभाग को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

## केदारनाथ यात्रा के लिए हेलिकॉप्टर सेवा आज से शुरू, किराये में छूट

**देहरादून**

हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री ने कहा कि बुधवार से 25 प्रतिशत कम किराये पर हेलिकॉप्टर से केदारनाथ यात्रा शुरू की जाएगी। साथ ही पैदल यात्रा को जल्द शुरू करने के लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारघाटी पहुंचकर अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण किया। इसके बाद, उन्होंने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर हालात पर चर्चा करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुधवार से 25 प्रतिशत कम किराये पर हेलिकॉप्टर से केदारनाथ यात्रा शुरू की जाएगी। साथ ही पैदल यात्रा को जल्द शुरू करने के लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हेलिकॉप्टर टिकट में जो छूट दी जाएगी, उसका वहन राज्य सरकार करेगी।



मंगलवार को सोनप्रयाग पहुंचकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यात्रा मार्ग से जुड़े सभी विभागों की समीक्षा करते हुए बरसात से हुई क्षति की जानकारी ली। उन्होंने विभागों द्वारा यात्रा को पुन: शुरू करने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। सीएम ने बताया कि गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग 29 स्थानों पर पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। साथ ही रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड राष्ट्रीय राजमार्ग को भी व्यापक क्षति पहुंची है। अतिवृष्टि से बिजली, पानी की लाइनों के साथ ही सरकारी संपत्तियों को क्षति पहुंची है। जिनकी मरम्मत प्राथमिकता से की जाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि अतिवृष्टि के बाद से जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन के साथ एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, डीडीआरएफ सहित अन्य संस्थाओं ने पूरे मनोयोग से फंसे हुए यात्रियों और अन्य को सुरक्षित स्थानों में पहुंचाने में भूमिका निभाई है। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि यात्रा शुरू करने के लिए किए जाने वाले कार्यों में स्थानीय लोगों के सुझाव और सहायता ली जाए।

इस मौके पर प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, डीजीपी अभिनव कुमार, लोनिवि सचिव पंकज पांडे, आपदा सचिव विनोद सुमन, कमिश्नर विनय शंकर पांडे, आईजी केएस नगन्याल आदि मौजूद थे।

**बांग्लादेश बवाल पर भारत का बड़ा फैसला**

## उच्चायोग-कॉन्स्युलेट के गैर जरूरी कर्मियों को वापस बुलाया

**नई दिल्ली/ढाका**

एजेंसी

बांग्लादेश में फंसे भारतीयों को वापस लाने के लिए एयर इंडिया और इंडिगो ने बांग्लादेश की राजधानी ढाका के लिए विशेष उड़ानें संचालित कीं। इसके जरिए 400 से अधिक लोगों को भारत लाया गया। एक अधिकारी ने बताया कि एयर इंडिया की विशेष उड़ान से बुधवार सुबह छह बच्चों समेत 205 लोगों को भारत लाया गया।

बांग्लादेश में जारी सियासी उथल-पुथल के बीच भारत ने उच्चायोग और वाणिज्य दूतावास में तैनात गैरजरूरी कर्मचारियों को वापस बुलाने का फैसला किया है। इसे लेकर सरकार ने एडवायजरी भी जारी की है। गौरतलब है कि बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना फिलहाल भारत में हैं। दूसरी तरफ बांग्लादेश में हिंदुओं के घरों और मंदिरों पर हमले भी जारी हैं। ऐसे में स्थिति के संवेदनशील होने के बाद भारत ने पूरे घटनाक्रम पर करीब से नजर रखी है। ढाका में भारतीय उच्चायोग और वाणिज्य दूतावास में तैनात गैरजरूरी कर्मचारियों और उनके परिवारों की वापसी वाणिज्यिक उड़ान जरिए हुई है। सभी राजनयिक फिलहाल उच्चायोग में ही रहेंगे। सूत्रों ने बताया कि उच्चायोग में काम जारी रहेगा।



बांग्लादेश में फंसे भारतीयों को वापस लाने के लिए एयर इंडिया और इंडिगो ने बांग्लादेश की राजधानी ढाका के लिए विशेष उड़ानें संचालित कीं। इसके जरिए 400 से अधिक लोगों को भारत लाया गया। एक अधिकारी ने बताया कि एयर इंडिया की विशेष उड़ान से बुधवार सुबह छह बच्चों समेत 205 लोगों को भारत लाया गया। इंडिगो ने भी एक बयान जारी कर कहा कि ए321 नियो विमान से संचालित चार्टर्ड उड़ान मंगलवार रात ढाका से रवाना हुई थी और इसके जरिये छह बच्चों व 199 वयस्कों सहित 205 लोगों को भारत लाया गया।

## ओलंपिक में भारत की स्वर्ण-रजत पदक की उम्मीदों को लगा झटका


**पेरिस**

एजेंसी

भारतीय पहलवान विनेश फोगट को अधिक वजन के कारण महिला कुश्ती 50 किग्रा से अयोग्य घोषित कर दिया गया।

पेरिस ओलंपिक 2024 में महिला कुश्ती 50 किग्रा स्पर्धा के फाइनल मुकाबले से पहले पहलवान विनेश फोगाट को तगड़ा झटका लगा है। उन्हें अधिक वजन के कारण फाइनल मुकाबले से पहले अयोग्य घोषित कर दिया गया है। मंगलवार को उन्होंने सेमीफाइनल में क्यूबा की लोपेज गुजमान को 5-0 से हराया था। वह ओलंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला पहलवान बनीं थीं।

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि विनेश फोगाट को वजन ज्यादा होने की वजह से अयोग्य घोषित कर दिया गया है। संघ ने कहा, भारतीय दल को इस बात का दुख है कि महिला कुश्ती के 50 किलोग्राम वर्ग से विनेश फोगट को अयोग्य घोषित कर दिया गया है।



रात भर टीम द्वारा किए गए बेहतरीन प्रयासों के बावजूद, आज सुबह उनका वजन 50 किलोग्राम से कुछ ग्राम अधिक था। इस समय दल द्वारा कोई और टिप्पणी नहीं की जाएगी। भारतीय दल आपसे विनेश की निजता का सम्मान करने का अनुरोध करता है। वह मौजूदा प्रतियोगिताओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहेगा।

फाइनल में विनेश का अमेरिका की सारा एन हिल्डब्रांड से मुकाबला होना था। अमेरिका की इस पहलवान ने टोक्यो ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीता था।

## डीएम से की सरकारी भूमि के दुरुपयोग की शिकायत, जांच की मांग उठाई

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

कालाढूंगी तहसील में सरकारी भूमि का दुरुपयोग कर लैंड फ्रॉड किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में नगर निगम हल्द्वानी के पूर्व पार्षद हितेश पांडे ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजा है।

इसमें कहा गया है कि कालाढूंगी के धमोला ग्राम के ईसाई फार्म में कुछ भूमाफियाओं ने मात्र 100 रुपये के स्टांप पेपर में वर्ग-तीन की एक बीघा जमीन को 20 लाख रुपये में क्रय करने का इकरारनामा तैयार किया है, जो गैर कानूनी है। इस भूमि में बड़े स्तर पर टिन शेड का निर्माण कर एक दुकान भी खोल दी गई है। इसमें भी कृषि भूमि का दुरुपयोग कर व्यावसायिक कार्य किया जा रहा है। इसके लिए गैरकानूनी इकरारनामे के आधार पर अघरेलू बिजली संयोजन लिया गया है।

इसके अलावा एक पंचायत प्रतिनिधि भी ईसाई फार्म में वर्ग 3 की भूमि में काबिज होकर कृषि कार्य कर रहा है। पूर्व पार्षद ने अंदेशा जताया है कि भूमाफियाओं ने सरकारी भूमि में भारी मात्रा में अतिक्रमण किया है, इसमें कई सफेदपोश भी शामिल हो सकते हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से इन सभी मामलों की जांच की मांग उठाई है। उन्होंने भू-माफियाओं से जानमाल का खतरा बताया है।

## चार जिलों में तेज बारिश का अलर्ट, 4 राज्यमार्ग समेत 87 मार्ग बंद

**हल्द्वानी/देहरादून**

हमारे संवाददाता

प्रदेश के पर्वतीय जिलों में बुधवार को भारी बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से बागेश्वर जिले में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि देहरादून समेत पिथौरागढ़, नैनीताल और चंपावत में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

प्रदेश में बारिश आफत बनकर बरस रही है। जिससे मार्गों में जगह-जगह मलबा आने से 4 राज्यमार्ग समेत 87 मार्ग बंद हो गए हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक बंद मार्गों को खोलने का प्रयास किया जा रहा है।

बारिश के बाद देहरादून जिले के दूधली-मोथरोवाला मार्ग में मलबा आ गया है। मार्ग में सीवर लाइन की खुदाई के काम के चलते पहले ही मार्ग जगह-जगह से क्षतिग्रस्त है। अब



मलबा आने से डोईवाला से दूधली होते हुए देहरादून जाने व वापस लौटने वाले यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इससे स्थानीय लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है।

लोगों का कहना है कि मार्ग की इस हालत के चलते दुर्घटना का खतरा बना है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक देहरादून जिले में एक राज्य और 6 ग्रामीण मार्ग, उत्तरकाशी जिले में एक राज्य और 6 ग्रामीण मार्ग, पिथौरागढ़ जिले में एक बॉर्डर और 18 ग्रामीण मार्ग, नैनीताल जिले में एक राज्य और 6 ग्रामीण मार्ग मलबा आने से बंद हैं। जबकि ऊधम सिंह नगर जिले में एक राज्य और 10 ग्रामीण मार्ग, अल्मोड़ा जिले में एक ग्रामीण मार्ग, चमोली जिले में 23 और टिहरी में 9 ग्रामीण मार्ग बंद हैं। बंद मार्गों को खोलने का प्रयास किया जा रहा है।

### उत्तराखंड में भारी बारिश की चेतावनी

प्रदेश के पर्वतीय जिलों में बुधवार को भारी बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से बागेश्वर जिले में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि देहरादून समेत पिथौरागढ़, नैनीताल और चंपावत में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में प्रदेशभर के अधिकतर इलाकों में तेज दौर की बारिश होने की संभावना है, जबकि पर्वतीय जिलों में तेज बारिश होने से संवेदनशील इलाकों में भूस्खलन होने के आसार हैं।

# कुमाऊं विवि में स्किन केयर पर विशेष कार्यशाला

नैनीताल
हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के विज्ञान के गुरुजनों और छात्र- छात्राओं के लिए स्किन केयर पर विशेष कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय की इनोवेशन एंड इंक्यूबशन सेल, रसायन विज्ञान विभाग और इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल मिलकर किया गया।






इससे पूर्व कार्यशाला का शुभारंभ कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत ने किया। रसायन विज्ञान विभाग की प्रयोगशाला में आयोजित की जा रही कार्यशाला का विषय त्वचा की देखभाल के लिए प्राकृतिक और हस्तनिर्मित पर्यावरण अनुकूल और टिकाऊ तकनीक रखा गया था। कार्यशाला में विशेषज्ञ के तौर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के मैत्रेयी कॉलेज की प्रो. हेमा भंडारी को आमंत्रित किया गया था। कार्यशाल में प्रो. भंडारी ने दाढ़ी बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले हर्बल व केमिकल फ्री साबुन तथा हर्बल फेशियल किट, बर्तन और फ ल सब्जियां साफ करने का साबुन तथा हर्बल लिप बाम बनाना सिखाया।

प्रो.भंडारी ने प्रतिभागियों को सामान्य रासायनिक क्रियाओं के जरिये नहाने तथा कपड़े और बर्तन धोने के साबुन बनाने की विधियां सिखाईं, उन्होंने कहा कि हमारी स्किन से जुड़े उत्पादों में हानिकारक केमिकल्स होने की आशंका बहुत अधिक होती है ऐसे में बेहद कम संसाधनों और आसान तारीकों से केमिकल रहित स्किन केयर उत्पाद बनाये जा सकते हैं। ये उत्पाद पूरी तरह प्राकृतिक होंगे और इनमें किसी भी तरह से हानिकारक तत्व भी नहीं होंगे।

इस मौके पर कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत ने कहा कि कार्यशाला से सीखकर अगर कोई प्रतिभागी नया उत्पाद बनाता है तो उसे विश्वविद्यालय की तरफ से नगद पुरस्कार के साथ ही आगे बढने् के लिए हर संभव सहयोग किया जायेगा। परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने कार्यशाला के आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं जबकि विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. चित्रा पांडे ने कहा कुलपति प्रो.रावत की पहल से इस विशेष कार्यशाला का आयोजन हो पा रहा है। उन्होंने बीएससी तथा एमएससी की छात्र-छात्राओं और शोधार्थियों को ऐसी कार्यशालाओं में ज्यादा से ज्यादा प्रतिभाग करने को कहा, कहा कि इस तरह का शोध और उसके परिणाम आने वाले वक्त की मांग हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड जैव विविधताओं से भरपूर है, ऐसे में प्रकृति के इस वरदान को आने वाली पीढियों के लिए सकारात्मक तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। कार्यशाला के दौरान कई गुरुजन, शोधार्थी व छात्र-छात्राएं मौजूद रही। संचालन डॉ. निधि वर्मा ने किया।

## नगर पालिका परिसर में जनता दरबार लगाने का निर्णय

**भीमताल।** समाज सेवी बेरोजगार संघ अध्यक्ष बृजवासी के प्रयासों के उपरांत उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने प्रत्येक सप्ताह शनिवार को नगर पालिका परिसर में जनता दरबार लगाने का निर्णय लिया। भीमताल काफी लंबे समय से नगर के 9 वार्डो की आम जनता काफी समस्याओं से परेशान हैं, नगर पालिका चुनाव प्रकिया में देरी के कारण नगर के कई विकास कार्य रुके हुए है, रास्ते, प्रकाश पथ, सफाई, ड्रेनेज सुधार अन्य नगर से जुड़े सभी कार्यो के लिए नगर की आम जनता काफी परेशान थी, लोगों की माँग को देखते हुए बेरोजगार संघ अध्यक्ष समाज सेवी पूरन चंद्र बृजवासी ने नगर की आम जनता की परेशानियों एवं जनता की मनोदशा को देखते हुए उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार को पत्र लिखा और जनता दरबार लगाने की मांग रखी जिस पर एसडीएम प्रमोद कुमार ने सप्ताह में एक दिन जनता हित में नगर पालिका परिसर भीमताल में जनता दरबार लगाए जाने का आश्वासन दिया। जिसकी शुरुआत इस शनिवार से होगी, बृजवासी ने नगर के 9 वार्डो की आम जनता से इस शनिवार आगे प्रत्येक शनिवार को अपने नगर पालिका सम्बंधित कार्यो को लेकर जनता दरबार में उपस्थित रहने का आग्रह किया है



# भारत सरकार के विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों की जानकारी दी

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला वाणिज्य महाविद्यालय हल्द्वानी के प्लेसमेंट सेल द्वारा भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। प्राचार्य प्रो0 शशि पुरोहित ने कहा कि कौशल विकास छात्राओं के समग्र विकास का आधार है। शैक्षणिक उपलब्धियों से हटके यह एक ऐसे व्यक्तित्व को तैयार करता है जो आत्मविश्वास और क्षमता के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकता है। जब छात्रायें कौशल विकास गतिविधियों में शामिल होती हैं, तो वे अपनी रचनात्मक क्षमता का दोहन करते हैं, अपनी प्रतिभा का पोषण करते हैं और अपने ज्ञान के स्तर को व्यापक बनाते हैं। विकास के लिए यह समग्र दृष्टिकोण शारीरिक, भावनात्मक, सामाजिक और बौद्धिक पहलुओं को शामिल करता है। प्लेसमेंट प्रभारी डॉ0 रितुराज पंत ने बताया कि पिछले सत्र में 99 छात्राओं को सम्भव फाऊंडेशन द्वारा नि:शुल्क कौशल विकास के कोर्स करवाए गए हैं। वर्तमान सत्र में भी छात्राएं कौशल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों का अधिक से अधिक लाभ उठा पाए इसके दृष्टिगत यह जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सम्भव फाऊंडेशन के प्रबंधक अरुण कुमार ने छात्राओं को वर्तमान सत्र में नि:शुल्क प्रारंभ किए जाने वाले कोर्सेज के बारे में जानकारी दी साथ ही फाउंडेशन किस तरह से छात्राओं हेतु प्लेसमेंट की व्यवस्था करता है उसके बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर डॉ0 फकीर सिंह , प्रकाश आर्य, भूमिका आदि उपस्थित रहे।

# चिल्ड्रन फुटबाल टूर्नामेंट में सनवाल स्कूल ने 3-1से मैच में जीत दर्ज की

नैनीताल
हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी के प्रतिष्ठित डीएसए मैदान में सीआरएसटीसी ओल्ड बॉयज एसोसिएशन द्वारा आयोजित एवं द नैनीताल बैंक लिमिटेड द्वारा प्रायोजित 76वीं एच एन पांडे मेमोरियल चिल्ड्रन फुटबाल टूर्नामेंट में मंगलवार को नॉक आउट मुकाबला सनवाल स्कूल एवं मदर्स हार्ट स्कूल के मध्य खेला गया, जिसमें सनवाल स्कूल ने 3-1से मैच में जीत दर्ज की।

इस दौरान सनवाल स्कूल की टीम के लिए मानव ने 3 जबकि मदर्स हार्ट से मयंक ने 1 गोल किया। निर्णायक प्रेम सिंह बिष्ट, विमल तथा राहुल तथा देव कुंवर रहे।

इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश चंद्र बवाड़ी, महासचिव डा. मनोज सिंह बिष्ट, कैप्टन एल एम साह, धर्मेंद्र शर्मा, शैलेंद्र बरगली, भूपाल नयाल, मोहित लाल साह, रितेश साह तथा आनन्द बिष्ट आदि खेल प्रेमी उपस्थित रहे। अब 8 अगस्त को पीपीजेएस दुर्गापुर बनाम सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के मध्य मैच खेला जाएगा।



## NEWS / फटाफट

### चार सूत्रीय मांगों को लेकर अपर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**नैनीताल।** उत्तराखंड बेरोजगार संघ नैनीताल व उत्तराखंड युवा एकता मंच भवाली ने संयुक्त रुप से मंगलवार को भवाली खेल मैदान से जुड़ी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर अपर आयुक्त जीवन सिंह नागन्याल को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में नगर पालिका मैदान में वाहन पार्किंग पूरी तरह से प्रतिबंधित करने, व्यवस्थित ढंग से क्रिकेट पिच निर्माण करने तथा पूर्व की भांति दर्शक दीर्घा व मैदान में पड़ी निर्माण सामग्री को हटाने की रखी गयी है। ज्ञापन देने वालों में बेरोजगार संघ के अध्यक्ष पवन रावत, युवा मंच के अध्यक्ष कबीर शाह, उपाध्यक्ष राहुल रावत तथा सदस्य मनोज बोरा, प्रदीप आर्या, नितेंन्दर बिष्ट, अभिषेक कुमार तथा संजय बर्गली आदि शामिल रहे।

### वित्त पोषित तीन दिवसीय प्रशिक्षण



**नैनीताल।** कृषि विज्ञान केन्द्र ज्योलीकोट में कृषि विभाग नैनीताल की ओर से वित्त पोषित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन मंगलवार को महिला प्रशिक्षणार्थियों ने मडुवा केक समेत मफिन तथा नमकीन का प्रयोगात्मक प्रशिक्षण प्राप्त किया। महिलाओं ने मडुवे के पारंमपरिक व्यंजनों मडुवा रोटी, लपसी, हलुवा, बर्फी तथा लड्डू आदि को बनाने के विधि को समूह में साझा किया। प्रशिक्षण के दूसरे सत्र में डा0 बलवान सिंह ने ऑनलाइन माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों को मोटे अनाजों की प्राकृतिक खेती एवं रोगों से बचाव में सहायक होने के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी जबकि डा0 कंचन नैनवाल ने मोटे अनाजों की खेती की आवश्यक सस्य क्रियाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में ग्राम अलचौना समेत तल्ला गेठिया, दांगड़ व चोपड़ा एवं भल्यूटी की कुल 30 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान विमल कुमार शर्मा, दीप कुमार, कमला सत्यपाल, महिपाल चन्द्र लोहनी व गोविन्दी मौजूद थे।

### गुरु गोरखनाथ के अनोखे भक्त, पांच साल में लाखों बार लिख चुके हैं नाम



**हल्द्वानी।** प्रभु का नाम को जिस रूप में जप लो बस याद आना चाहिए। यह विचार गुरु गोरखनाथ पर अटूट आस्था रखने वाले हल्द्वानी के वरिष्ठ व्यापारी प्रकाश चन्द्र जोशी के हैं। प्रकाश अपने दैनिक दिनचर्या के साथ ही अपने गुरु का स्मरण करना नहीं भूलते। वह बीते पांच साल से सैकड़ों पन्नों में श्री गुरु गोरखनाथाय् नमः लाखों बार लिख चुके हैं। इस दरमियान वह दो बार मां गंगा के पवित्र स्थान हरिद्वार में इन पन्नों का विसर्जन भी कर चुके हैं। प्रकाश गुरु के साथ ही जयश्री राम अनार की कलम व लाल स्याही से लिख रहे हैं। इस बीच प्रकाश जोशी ने बताया कि यह लिखना आनंद की अनुभूति कराता है, लिखते लिखते बस लिखने को ही मन करता है। उनका कहना है कि पांच साल से नियमित रूप से वह गुरु व प्रभु श्रीराम के नाम का लेखन कर रहे हैं। जोशी कहते हैं कि बाबा गुरू गोरखनाथ व ईष्ट देव हरज्यू की ईच्छा कब तक उनसे लिखवायें।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# तीन दिवसीय आईपीएससी साहित्यिक महोत्सव दृष्टिकोण 2024 का समापन

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नगर के बिरला विद्या मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय आईपीएससी साहित्यिक महोत्सव दृष्टिकोण 2024 का मंगलवार को समापन हो गया।

महोत्सव में देशभर के प्रसिद्ध आईपीएससी विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। महोत्सव में वाद-विवाद, कविता लेखन व सामान्य ज्ञान और नाटक प्रस्तुत किए गए। महोत्सव के दौरानए विद्यार्थियों ने रचनात्मकता, अभिव्यक्ति और साहित्यिक ज्ञान का प्रदर्शन करते हुएए आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में अपना दम-खम दिखाया।



समापन समारोह में नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय के प्रधानाचायों व शिक्षकों और गणमान्य व्यक्तियों सहित सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति ने चार चांद लगा दिए। मंगलवार को हिंदी वाद-विवाद फ इनल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक मंडल में हेमंत बिष्ट, के एल साह और खुशबू तिवारी रहे।

प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में महोत्सव में प्रतिभाग के लिएए अपने विद्यालय की टीम भेजने वाले सभी आईपीइससी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने विद्यार्थियों को आज के समयानुसार तैयार करने और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करने में ऐसे साहित्यिक आयोजनों की आवश्यकता के प्रति महत्व पर जोर दिया। समारोह का समापन हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित करने के साथ हुआ। इस दौरान प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा, वित्त प्रबंधक संजय गुप्ता, उप प्रधानाचार्य राकेश मोलाशी, प्रधानाध्यापक अजय शर्मा, शिक्षक दीपक पांडे, जतिन ग्रोवर तथा ब्रजेश पांडे तथा अन्य शिक्षकए शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# अभिमत



## नकारात्मक सोच

*कांग्रेस का कहना है कि बजट उनके घोषणा पत्र पर आधारित है। अब सवाल यह उठता है कि जब कांग्रेस के घोषणा पत्र में किये गये वायदों पर आधारित बजट है तो विरोध क्यों किया जा रहा है? इस सवाल का सीधा सा जवाब है कि विपक्ष नकारात्मक सोच से उबर नहीं पा रहा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं की भाषा उत्तराखंड के कांग्रेसी बोल रहे हैं। उत्तराखंड के लिए बजट में अनेक प्रावधान हैं। मुख्य रूप से तीन प्रावधान हैं- बादल फटने, भूस्खलन आदि की आपदा से पीड़ितों के लिए राहत, हर घर नल योजना का विस्तार किया जायेगा तथा ढाई सौ की आबादी वाले गांव तक सड़क को बड़ी राहत माना जा सकता है।*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट को कांग्रेस के नेता केन्द्र सरकार को बचाने का बजट कह रहे हैं। कांग्रेस का कहना है कि बजट उनके घोषणा पत्र पर आधारित है। अब सवाल यह उठता है कि जब कांग्रेस के घोषणा पत्र में किये गये वायदों पर आधारित बजट है तो विरोध क्यों किया जा रहा है? इस सवाल का सीधा सा जवाब है कि विपक्ष नकारात्मक सोच से उबर नहीं पा रहा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं की भाषा उत्तराखंड के कांग्रेसी बोल रहे हैं। उत्तराखंड के लिए बजट में अनेक प्रावधान हैं। मुख्य रूप से तीन प्रावधान हैं- बादल फटने, भूस्खलन की आपदा आदि से पीड़ितों के लिए राहत, हर घर नल योजना का विस्तार किया जायेगा तथा ढाई सौ की आबादी वाले गांव तक सड़क को बड़ी राहत माना जा सकता है। उत्तराखंड की अधिकतर आबादी विषम भौगोलिक परिस्थितियों में रहती है। वर्षा ऋतु में भूस्खलन मामूली बात है, जिससे लोगों के घर ध्वस्त हो जाते हैं। बादल फटने से भारी तबाही होती है। पूरा क्षेत्र उजड़ जाता है। अनेक लोगों की जान चली जाती है। पालतू पशु मर जाते हैं। कृषि और बागवानी को नुकसान होता है। घर ध्वस्त हो जाते हैं। केन्द्र से धन आवंटित होने पर राज्य सरकार आपदा पीड़ितों को तत्काल राहत उपलब्ध करा सकेगी। जलवायु परिवर्तन से पर्वतीय क्षेत्र में प्राकृतिक आपदाओं में वृद्धि हुई है। इस साल ग्रीष्मकाल शुरू होते ही जंगल में आग की घटनाएं होने लगीं और जून के अंतिम सप्ताह तक बारिश नहीं होने से जंगल की आग से कई लोगों की मौत हो गई। वन सम्पदा को क्षति का आंकलन नहीं किया जा सका है। जंगल की आग के पीड़ितों को भी राहत मिल सकेगी। सुदूर पर्वतीय क्षेत्र से लेकर भाबर के शहरों व गांवों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। केन्द्र सरकार के बजट में हर घर नल योजना का विस्तार किया गया है। गांवों के साथ ही शहरों में हर घर में नल से 24 घंटे स्वच्छ जल उपलब्ध कराया जायेगा। जल संकट उत्तराखंड की बड़ी समस्या है। ढाई सौ की आबादी वाले गांव तक सड़क का निर्माण होने से उत्तराखंड के लोगों की जिंदगी में बड़ा बदलाव आयेगा। पर्वतीय, भाबर और तराई क्षेत्र के अनेक गांव तक सड़क नहीं होने से बच्चों को शिक्षा के लिए पैदल लम्बी दूरी तय करके स्कूल जाना पड़ता है। मरीजों और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक डोली में ले जाना पड़ता है। गांव-गांव तक सड़क पहुंच जाने से उत्तराखंड का समग्र विकास होगा। सड़क को विकास की जीवन रेखा कहा जाता है। पर्वतीय क्षेत्र में प्राकृतिक सम्पदा का अकूत भंडार है। विकास की अपार संभावना है। प्राकृतिक सम्पदा का सदुपयोग और नियोजित दोहन करने से उत्तराखंड के लोग हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकेंगे तथा पलायन स्वतः रुक जायेगा।

# मैथ विजार्ड में खुशी व स्पेलिंग जीनियस में कृष्णा ने मारी बाजी

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

समग्र शिक्षा अभियान के तहत संकुल स्तरीय मैथ विजाल्ड में खुशी पलड़िया व स्पेलिंग जीनियस प्रतियोगिता में कृष्णा ने पहला स्थान प्राप्त किया। दोनों विजयी प्रतिभागी ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।



न्याय पंचायत संसाधन केंद्र लाखनमंडी के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा 5 के बच्चों की मैथ विजाल्ड एंड स्पेलिंग जीनियस प्रतियोगिता का आयोजन संकुल कुंवरपुर गौलापार में किया गया। पहले चरण में हुई मैथ विजाल्ड प्रतियोगिता में 50 बहुविकल्पीय प्रश्न पत्र बच्चों को दिए गए। वहीं स्पेलिंग जीनियस तीन चरणों में हुई। प्रथम चरण में 30 शब्दों का उच्चारण, द्वितीय चरणों में 10 रिक्त स्थान की पूर्ति एवं तृतीय चरण में 10 शब्दों को लिखना बच्चों को दिया गया।

मैथ विजार्ड प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक विद्यालय विजयपुर की खुशी पलडिया 42 अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रहीं जबकि राजकीय प्राथमिक विद्यालय नवाडखेड़ा के अजीत 39 अंक के साथ द्वितीय व राजकीय प्राथमिक विद्यालय नयागांव लछमपुर के रामलखन 38 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे।

स्पेलिंग जीनियस प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक विद्यालय नयागांव लछमपुर के कृष्णा 42 अंकों के साथ प्रथम स्थान, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बांसखेड़ा के भी कृष्णा 29 अंकों के साथ द्वितीय व राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुंवरपुर की सुभाना 28 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। निर्णायक की भूमिका खीमेश भट्ट, प्रेम प्रकाश दानी, सपना महतोलिया, गणेश दत्त सती एवं अनुराधा सक्सेना ने निभाई। प्रतियोगिता का संचालन न्याय पंचायत संसाधन केंद्र लाखनमंडी के प्रभारी डिकर सिंह पडियार व सह प्रभारी अमित जोशी ने किया।

इस अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इस मौके पर मंजू रानी, संध्या गर्ग, सवितेश गुरूरानी, राकेश पांडे, सविता देवी, रमा उनियाल, संतोष रौतेला, रमेश चंद्र रौतेला, अनुपा शाह, हेमपुरी गोस्वामी, दिलीप सिंह, सरोजिनी बिष्ट, गजाला आरा, गीता अधिकारी, ओम प्रकाश, प्रेमचंद सिंह बिष्ट, सविता टम्टा, शोभा शर्मा समेत तमाम शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थीं।

# पेन कार्ड के नाम पर ले लिया बिजनेस लोन

**हल्द्वानी।** पेन कार्ड के नाम पर बिजनेस लोन लेकर धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। मो. सलीम पुत्र नत्थू निवासी इनद्रानगर निकट बड़ी मस्जिद बनभूलपुरा ने बनभूलपुरा थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि वह हाउस लोन लेने के लिए बैंक आफ बड़ौड़ा की केलाखेड़ा शाखा में गया तो बैंक ने सिविल होने का हवाला देते हुए लोन देने से मना कर दिया। जब उसने इस संबंध में जानकारी ली तो पता चला कि पेन कार्ड पर 73,969, का लों कैपिटल ट्रस्ट द्वारा एक बिजनेस लोन दिखा रहा है, और वर्तमान मे लोन की धनराशि 95 हजार 337 हो गई है, जिसकी किस्त जमा ना होने के कारण सिविल कम हो गई है। पीड़ित का कहना है कि उसने कैपिटल ट्रस्ट से कोई लोन नही लिया है। पीड़ित का कहना है कि जब उसने देवलचौड़ स्थित कैपिटल ट्रस्ट मेनेजर और सुल्तानपुर दिल्ली स्थित केपिटल ट्रस्ट हेड ऑफिस से जानकारी लेने का प्रयास किया तो उन लोगों ने उसके नाम पर चल रहे कैपिटल ट्रस्ट के लोन के बारे में किसी भी प्रकार की कोई जानकारी नहीं दी। पीड़ित ने कैपिटल ट्रस्ट के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# नारायण नगर से गैरीखेत सड़क निर्माण की मांग

**नैनीताल।** नारायण नगर से गैरीखेत तक 3 किलोमीटर लंबी सडक़ की मांग को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने मंगलवार को जिलाधिकारी वंदना सिंह को ज्ञापन सौंप कर जल्द से जल्द गांव में सड़क निर्माण की मांग की। जिलाधिकारी को ज्ञापन देने पहुंचे स्थानीय लोगों का कहना है गांव में सडक़ न होने के चलते उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकांश लोगों के बच्चे गांव छोडक़र पढ़ाई और रोजगार के लिए शहरो की तरफ आ गए हैं जिसके चलते अब गांव में केवल बुजुर्ग ही बुजुर्ग बचे हैं लिहाजा उनके गांव को जल्द सें जल्द सडक़ सुविधा से जोड़ा जाए। अगर उनके गांव को सडक़ मार्ग से नहीं जोड़ा गया तो ग्रामीण जिला मुख्यालय पर आंदोलन को मजबूर होंगे। ज्ञापन देने वालों में ग्राम प्रधान प्रेम सिंह मेहरा,पार्वती देवी, बिशनी देवी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# कुमाऊं विवि के कार्य परिषद की 152वीं बैठक

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में मंगलवार को कार्य परिषद की 152वीं बैठक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 दीवान सिंह रावत की अध्यक्षता में हुई।

इससे पूर्व कार्य परिषद की बैठक के प्रारंभ में कुलपति प्रो0 दीवान सिंह रावत द्वारा नए सदस्यों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की विगत एक वर्ष की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला जिसकी सभी सदस्यों द्वारा प्रशंसा की गई। कार्य परिषद में विद्या परिषद समेत वित्त समिति एवम परीक्षा समिति में लिए गए निर्णयों का अनुमोदन किया गया। कार्य परिषद में सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय के परिसरों एवम सम्बद्ध शिक्षण संस्थानों में विभिन्न पाठयक्रमों में प्रवेश से वंचित विद्यार्थियों के लिए समर्थ पोर्टल खोलने हेतु शासन को पत्र प्रेषित किए जाने का निर्णय लिया गया। कार्य परिषद में सवसम्मिति से शिक्षकों एवम शिक्षणोत्तर कर्मचारियों के पदों हेतु आरक्षण के प्रावधानों के तहत निर्धारित रोस्टर व्यवस्था को अनुमोदित किया गया जिससे निकट भविष्य में शिक्षकों एवम शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के रिक्त पदों पर स्थाई नियुक्ति की जा सके।

बैठक में विभिन्न विषयों के 110 शोधार्थियों की वाह्य परीक्षकों द्वारा संस्तुत की गयी शोध उपाधि सूची का कार्यपरिषद् द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में पद्मश्री प्रो0 वी0के0 सिंह, प्रो0 एम0एस0 मावड़ी, प्रो0 पदम सिंह बिष्ट, प्रो0 चित्रा पाण्डे, डॉ0 एम0सी0 पांडेय, डॉ0 शिव नारायण सिद्ध, प्रकाश चन्द्र पाण्डे, डॉ0 सुरेश डालाकोटी, कैलाश चंद्र जोशी, डॉ0 बी0 एस0 जीना, डॉ0 प्रमोद मिश्रा, डॉ0 अशोक कुमार, डॉ0 कमरुद्दीन, अनिता आर्या (वित्त नियंत्रक) आदि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन कुलसचिव प्रो0 अतुल जोशी द्वारा किया गया।

## फिल्मी दुनिया

# खेल खेल में की रिलीज से पहले अक्षय ने घर के बाहर शुरू किया लंगर





*अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म सिरफिरा बॉक्स ऑफिस पर चल नहीं पाई। अब उनका पूरा फोकस अपनी आगामी फिल्म खेल खेल में पर टिका है। यह फिल्म इसी महीने रिलीज होने जा रही है और खिलाड़ी जोरो-शोरो से इसके प्रमोशन में जुटे हैं। हालांकि, फिल्म की रिलीज से पहले खिलाड़ी कुमार एक नेक काम करते हुए भी नजर आ रहे हैं, जिसकी सोशल मीडिया पर खूब प्रशंसा हो रही है। मुंबई की सड़कों पर लोगों को खाना खिलाते हुए अक्षय कुमार की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर खूब शेयर की जा रही है। उनके एक फैन क्लब ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें अक्षय और उनकी टीम जुहू, मुंबई में अपने घर के बाहर लोगों को खाना परोसते हुए नजर आ रहे हैं। खबर है कि अक्षय अपनी आगामी फिल्म की सफलता के लिए यह नेक काम करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में अक्षय चेहरे पर मास्क पहने और एक महिला को खाने की प्लेट देते हुए दिखाई दे रहे हैं। फिर महिला दूसरों को लंगर में शामिल होने के लिए बुलाती है। अक्षय के इस काम से नेटीजंस काफी प्रभावित हुए, उन्होंने वीडियो के कमेंट सेक्शन में दिल को छू लेने वाले कमेंट्स किए। एक यूजर ने लिखा, अक्षय कुमार सर बहुत जमीन से जुड़े हुए हैं। दूसरे ने लिखा, वह कितने विनम्र हैं। तीसरे यूजर ने लिखा, अक्की पाजी, दिल जीत लिया।*

### 15 अगस्त को रिलीज

*फिल्म खेल खेल में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को रिलीज हो रही है। बॉक्स ऑफिस पर यह कई फिल्मों के साथ क्लैश होगी। इनमें जॉन अब्राहम की फिल्म वेदा और राजकुमार राव व श्रद्धा कपूर की फिल्म स्त्री 2 भी शामिल हैं। इनके अलावा थंगालन और डबल इस्मार्ट जैसी फिल्में भी शामिल हैं। देखना दिलचस्प होगा कि पिछली कई फ्लॉप दे चुके खिलाड़ी के सितारे इस फिल्म से बदलते हैं या नहीं।*

# विधायक शिव ने पंजीकृत श्रम कार्ड धारकों को किट वितरण की

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

**कार्यक्रम**

- कहा धामी सरकार सदैव गरीबी की चिंता करती है

विधायक शिव अरोरा ने उत्तराखंड कर्मकार बोर्ड श्रम विभाग के सौजन्य से पंजीकृत लेबर कार्ड धारको को किट बाटी। विधायक ने जगतपुरा क्षेत्र में श्रम विभाग द्वारा लगाये गये कैम्प में पहुंचे और उन्होंने पजीकृत श्रम कार्ड धारको को किट वितरित की।

किट में टूल उपकरण, सेनेटरी पेड, छाता आदि शामिल था। विधायक ने कहा कि प्रदेश की धामी सरकार सदैव गरीबो की चिंता करती है, जनकल्याणकारी योजना का लाभ जरूरतमंद लोगो को मिले ऐसा हमारा प्रयास रहता है। रुद्रपुर क्षेत्र में जगह जगह कैम्प लगाकर पजीकृत श्रम कार्ड धारको को लगातार किट वितरण कार्यक्रम कर रहे है और आगे भी अलग अलग स्थानों पर किट बाटी जायेगी। कार्यक्रम मे लेबर इंस्पेक्टर बलराम सिंह, धीरेश गुप्ता, शिवकुमार गंगवार, राजेंद्र राठौड़ समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



News कॉर्नर

## जू शटल सेवा की निविदा पर एक भी टेंडर नहीं पड़ा

**नैनीताल ।** नगर पालिका की ओर से जू शटल सेवा की निविदा जारी की गई थी, जिसकी 20 जुलाई को निविदा खोली गई लेकिन निविदा खोलने पर एक भी टेंडर नहीं पड़ा। बता दें कि पालिका ने शटल सेवा के लिए इलेक्ट्रिक कार का ही विकल्प रखा है। शटल सेवा में अधिकतम 10 कारों का संचालन किया जाएगा इस कारण टेंडर नहीं पड़ा हालाँकि पालिका ने टेंडर की समय सीमा एक साल से बढ़ाकर दो साल की थी,जिसके बाद पालिका की ओर से दोबारा जू शटल के लिए टेंडर अपलोड किया गया,लेकिन दोबारा भी किसी की ओर से टेंडर नहीं डाला गया। मामले में पालिका के प्रशासक के.एन. गोस्वामी ने बताया कि बताया कि जू शटल सेवा का दो बार टेंडर जारी करने के बाद भी कोई इच्छुक ठेकेदार नहीं मिला,जिस कारण अब टेंडर में परिवर्तन किया जाएगा। टेंडर की समयावधि को बढ़ाकर पांच साल किया जाएगा।

## संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम का 35 वें दिन धरना जारी

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर मंगलवार को 35 वें दिन भी नियमितिकरण की एक सूत्रीय मांग को लेकर देहरादून स्थित एकता विहार में धरना जारी रहा। महासंघ के अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि मंगलवार को सफाई अभियान चलाया गया व विभिन्न प्रजाति के सैकड़ों पौधों का रोपण किया गया। गुरुरानी ने कहा कि यह कार्यक्रम 6 अगस्त से 15 अगस्त तक चलाया जाएगा। कार्यक्रम में पदम सिंह, वेद प्रकाश, विजय बोरा, हर सिंह, शेर सिंह, शोभा, सौरभ खोलिया, गोपाल बिष्ट, नरेंद्र थापा आदि उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य परिषद् उपाध्यक्ष भट्ट ने ली समीक्षा बैठक

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



राज्य स्तरीय राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद् के उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट ने जनपद के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की समीक्षा बैठक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में ली। बैठक के दौरान उपाध्यक्ष ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने भारत सरकार द्वारा संचालित सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों को आम जनमानस तक आवश्यक रूप से पंहुचाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक सभी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पंहुचाया जाए तथा नियमों का कड़ाई से पालन किया जाए । इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, संचारी तथा गैर संचारी रोगों की रोकथाम हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जा रहे प्रयासों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा को दिए। उन्होंने प्रतिरक्षण कार्यक्रम, अन्धता निवारण, के साथ ही विभाग में किये जा रहे निर्माण कार्यों की भी जानकारी ली।

वर्तमान में जनपद में डेंगू की स्थिति के बारे में सीएमओ द्वारा उन्हें अवगत कराते हुए बताया गया कि वर्तमान में जनपद में आतिथि तक डेंगू का कोई भी केस नहीं हुआ है, लेकिन एहतियात के तौर पर सभी सरकारी चिकित्सालयों में डेंगू वार्ड स्थापित किये जा चुके हैं तथा आम जनमानस में इसका व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। सीएमओ ने अवगत कराया कि आशा कार्यकत्रियो द्वारा भी घर घर जाकर सोर्स रिडक्शन का कार्य किया जा रहा है । इस दौरान उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट के साथ विधायक रुद्रपुर शिव अरोरा, जिला अध्यक्ष भाजपा गुंजन सुखीजा, अभिषेक सक्सेना ने समीक्षा बैठक के बाद कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग से जिला चिकित्सालय रुद्रपुर के पीएमएस डॉ केके अग्रवाल, एसीएमओ डॉ डीपी सिंह,डॉ हरेन्द्र मलिक, डॉ एसपी सिंह समेत चिकित्सा अधीक्षक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम हिमांशु मस्यूनी आदि मौजूद रहे।

# खिलाफ किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में तीन युवकों के मुकदमा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर तीन युवकों पर पुत्री से दुष्कर्म कर ब्लैकमेलिंग करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। कोल्डड्रिंक पिला कर किया दुष्कर्म और बनाई अश्लील वीडियो। कोतवाली क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसकी पुत्री इंस्टाग्राम चलाती है।

डेढ़ साल पहले उसकी पुत्री की किच्छा सिरसई चीनी मिल निवासी मुनाजिर पुत्र नाजिर से इंस्टाग्राम में जान पहचान हुई। एक माह पहले युवक ने उसकी पुत्री को मिलने के लिए किच्छा बुलाया। उसके घर पर जहां पर कोई नहीं था। आरोप है कि उस युवक ने उसकी पुत्री को कोल्ड ड्रिंक पिलाई। उसकी पुत्री अर्द्ध बेहोश हो गई। आरोप है कि इस दौरान

**आरोप**

● इंस्टाग्राम से किशोरी की किच्छा निवासी एक युवक से हो गई थी दोस्ती

युवक ने उसकी पुत्री के साथ अर्द्ध बेहोशी की हालत में दुष्कर्म किया। साथ ही उसकी पुत्री का उसने मोबाइल पर नग्न फोटो खिंची। बाद में उसकी पुत्री को धमकी दी कि किसी से शिकायत की तो वह इंटरनेट मीडिया में उसकी फोटो वायरल कर देगा। दोपहर तीन बजे बाद पुत्री डरी हुई घर आई और किसी को भी कुछ नहीं बताया। पीड़ित के मुताबिक आरोपी ने उसकी पुत्री की फोटो बाद में रेशमबाड़ी निवासी साहिल उर्फ मुनीम को भेज दी। जिसके बाद रेशमबाड़ी निवासी युवक उसकी पुत्री को फोन किया और उससे मिलने के लिए झील के पास बुलाया। धमकी दी कि वह मिलने नहीं आई तो उसकी फोटो इंटरनेट मीडिया में वायरल कर दी जाएगी। धमकी से डरकर उसकी पुत्री झील के पास गई। वहां से साहिल उसकी पुत्री को बाइक पर बैठाकर एक होटल में ले गया और दुष्कर्म किया। इस घटना के बाद से उसकी पुत्री अवसाद में है।

पीड़ित ने बताया कि अब रेशमबाड़ी निवासी युवक ने उसकी पुत्री की नग्न फोटो भदईपुरा निवासी मोहित उर्फ चुटकी पुत्र मनोज को भेज दी। वह भी उसकी पुत्री को मिलने के लिए धमका रहा है। पुत्री को परेशान देखकर जब उन्होंने पूछताछ की तो उसने सारी घटना बताई। पीड़ित ने पुलिस से आरोपितों पर कार्रवाई की मांग की है। एसएसआई अशोक कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। तीनों की तलाश की जा रही है।

# ट्रांजिट कैंप पुलिस ने किया दो आरोपियों के घर पर कुर्की नोटिस चस्पा,तीसरा आरोपी गिरफ्तार

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने पंजीकृत एफआईआर नंबर 177/24 धारा 147/148/307/323/504/506/34 आईपीसी में वांछित चल रहे दो आरोपियों के घर पर कोर्ट के आदेश पर 82 की कार्रवाई करते हुए नोटिस चस्पा किया है। पुलिस के मुताबिक थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र शिवनगर निवासी अंकित पुत्र सुरेश,अमन कोली पुत्र राम प्रकाश के खिलाफ जान लेवा हमला समेत कई अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। इस मामले में आरोपी लगातार काफी समय से फ़रार चल रहे है। इंस्पेक्टर भारत सिंह ने बताया कि इसकी विवेचना उपनिरीक्षक प्रदीप पंत कर रहे। पुलिस लगातार गिरफ्तारी को दबिश देती रही। गिरफ्तारी न होने पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ़ 82 की कार्रवाई के आदेश लिए। उन्होंने बताया कि दोनों

**कार्रवाई**

● इस कार्रवाई के बावजूद कोर्ट में पेश नहीं हुआ तो होगी कुर्की

के घरों में 82 की कार्रवाई का नोटिस चस्पा किया गया। इसके बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई या कोर्ट में पेश नहीं हुए तो कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। इंस्पेक्टर ने बताया कि एक अन्य आरोपी ट्रांजिट कैंप निवासी गौरव पुत्र बिरजू के खिलाफ भी 82 की कार्रवाई गई थी। उसे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

# नकली नोट के साथ युवक को किया दबोचा, तीन फरार



नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फर नगर से नैनीताल घूमने आए युवक को नकली नोट के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है जबकि युवक के अन्य तीन फरार साथियों को पुलिस खोज रही है।

जानकारी के अनुसार मुजफ्फ रनगर से अकील बालियान अपने तीन दोस्तों के साथ घूमने के लिए मंगलवार की सुबह नैनीताल पहुंचा था, पार्किंग में वाहन पार्क करने के बाद चारों मल्लीताल बाजार में घूमने चले गए। इस दौरान चारों ने बाजार की दुकानों से खरीददारी की लेकिन एक दुकान में अंडरवियर खरीदने के दौरान जैसे चारों दुकान से आगे निकले तो दुकान संचालक ने नकली नोट पहचान लिया। दुकानदार ने आगे युवकों का पीछा कर अकील को पकड़ लिया जिसके बाद दुकानदार युवक को कोतवाली ले आया। दुकानदार को युवक को पकड़ता देख साथी तीन युवक मौके से फ रार हो गए जिसके बाद वह पार्किंग से कार निकालकर फ रार हो गए। पुलिस ने युवक की तलाशी ली तो उसके पास दुबई की करेंसी व भारत की करेंसी पाई गई। पुलिस ने बैंक में नोट की जांच कराई तो नोट नकली पाए गए।

पूछताछ के दौरान युवक ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ घूमने के लिए नैनीताल आया था। रास्ते में उसके साथी ने उसको नकली नोट दिए। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि गांव बालियान नियर चांद मस्जिदए मुजफ्फ रनगर उत्तरप्रदेश निवासी अकील बालियान के पास से 17 नोट दुबई तथा चार नोट 500 के मिले है उन्होंने बताया आरोपी को गिरफ्तार कर भारतीय न्याय संहिता की सम्बंधित धारा के तहत युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जबकि अन्य तीन युवकों की तलाश की जा रही है।

## जल संस्थान के संविदा कर्मियों को बढ़े हुए वेतन का करें भुगतान

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ से जुड़े कर्मचारियों ने एक अप्रैल 2024 से बढ़ा हुआ वेतन एवं महंगाई भत्ता दिलाने की मांग को लेकर अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा है। संघ के शाखा सचिव पवन कुमार ने बताया कि जल संस्थान नैनीताल के शहरीश क्षेत्र के श्रमिकों को बढ़े हुए मानदेय का भुगतान किया जा चुका है लेकिन हल्द्वानी में कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने चेताया कि वेतन वृद्धि का भुगतान यदि शीघ्र न किया गया तो कर्मचारी आंदोलन को बाध्य होंगे।

# बाइक सवारों की घोड़ों के पीछे बाइक दौड़ाने का वीडियो वायरल, कार्रवाई

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल- कालाढूंगी मोटर मार्ग में दो घुड़सवारों के बीच का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में चार से पांच बाइक सवार भी बीच सड़क घोड़ों के पीछे बाइक दौड़ाते दिखाई दे रहे हैं। मामला पुलिस के संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है। बता दें कि बीते दो सप्ताह पूर्व भी 6 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। बता दें कि इन दिनों इंस्टाग्राम व यू ट्यूब में नैनीताल का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें घुड़सवार अपने घोड़ों को नैनीताल कालाढूंगी रोड पर वाहनों के बीच दौड़ा रहे हैं, यही नहीं उनके पीछे चार से पांच बाइकें भी दौड़ाई जा रही हैं। इस दौरान आगे से आते वाहनों को भी घुड़सवार नजर अंदाज कर रहे हैं। वीडियो देख स्थानीय लोगों ने नाराजगी भी जाहिर की है। इंस्टाग्राम में ऐसे कई वीडियो डाले गए हैं जिसमें यातायात के बीच घोड़ों की दौड़ कराई जा रही है। पुलिस के पास मामला पहुंचने पर सोमवार की शाम को युवकों की पहचान करने के बाद पुलिस ने युवकों के खिलाफ कार्रवाई की है।

कोतवाली में तैनात एसआई प्रियंका मौर्य ने बताया कि मल्लीताल निवासी नजाकत अली व मंसूर के खिलाफ पुलिस एक्ट व फैजान, जुल्फिकार व उस्मान अली के खिलाफ एमवी एक्ट में कार्रवाई की गई है। दो सप्ताह पूर्व भी छह लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी।

# रुद्रपुर में रात से हो रही बारिश से कई कालोनियों में जलभराव

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता





मंगलवार की रात से हो रही लगातार वर्षा के कारण तहसील रूद्रपुर क्षेत्र जगतपुरा, शक्ति विहार समेत तीन पानी डेम में जलभराव हो गया है। इससे वहां हड़कंप मच गया।

जलभराव की सूचना पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही एसडीआरएफ टीम बचाव कार्य में जुट गए। एसडीआरएफ टीम ने लोगों को सुरक्षित निकाल सरकारी स्कूल में पहुंचाया। जनसामान्य की सुरक्षा के दृष्टिगत जगतपुरा में 250 व्यक्तियों को बालिका विघा मंदिर जगतपुरा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय आवास विकास एवं भंडारी कांवेन्ट स्कूल, जगतपुरा में ठहराया गया है। भोजन आदि की व्यवस्था जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा की जा रही है। इसके अलावा आजादनगर क्षेत्र में जलभराव से प्रभावित 40 परिवारों को एसडीआरएफ की टीम द्वारा सुरक्षित स्थान में स्थानान्तरित किया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक प्रशासनिक अधिकारियों की टीम जलभराव से प्रभावित लोगों को निकाल रहे थे। इसके साथ ही एसडीआरएफ टीम भी बचाव कार्य में जुटी हुई थी। वहां पर एसडीएम मनीष बिष्ट, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, एसडीआरएफ टीम प्रभारी बीएस बजेली समेत अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे हुए हैं। इधर आजादनगर में जलभराव की सूचना पर विधायक शिव अरोरा समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने एसडीआरएफ प्रभारी से जानकारी ली।